
**मांग** भपसा और बसनिया के ग्रामीण घाटी लांघकर पानी लाने मजबूर, नेवसा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

# अधूरी नल-जल योजना दे रही राहत की जगह जख्म





**मंडला, नवभारत।** जनपद पंचायत भुआ बिछिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवसा भपसा के ग्रामीण इन भीषण गर्मी के दिनों में पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में हर घर तक पानी पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। यहाँ के पोषक ग्राम भपसा एवं बसनिया में नल-जल योजना का कार्य अधर में छोड़ दिए जाने के कारण ग्रामीणों को दूर स्थित पथरीले घाटी वाले मार्ग से होते हुए जान जोखिम में डालकर पेयजल की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इस गंभीर समस्या से परेशान होकर ग्रामीणों ने मंडला कलेक्टर को एक शिकायती पत्र सौंपा है।

### साधन उपलब्ध, पर तकनीकी लापरवाही से बंद पड़ा है काम

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम भपसा और बसनिया में नल-जल योजना के तहत करीब 1 साल पहले सम्पवेल का निर्माण कर लिया गया था। वहीं लगभग 4 महीने पहले बोरिंग और पाइपलाइन बिछाने जैसे मुख्य कार्य भी पूरे हो चुके हैं। जलापूर्ति को सुचारू करने के लिए आवश्यक मोटर भी करीब 2 महीने पहले गांव में लाकर रख दी गई है। इसके बावजूद पिछले कई महीनों से योजना का शेष कार्य पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है।

### महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर दोहरी मार, जांच की मांग

इस घोर प्रशासनिक अनदेखी का खामियाजा गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें रोजाना पानी के लिए पथरीले और दुर्गम रास्तों का सफर तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और कार्य में देरी करने वाले अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने समय-सीमा निर्धारित कर शेष तकनीकी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने और भपसा व बसनिया में सुचारू जलापूर्ति शीघ्र प्रारंभ कराने की गुहार लगाई है।

### मोटर स्थापना और बिजली पोल न होने से बढ़ी मुश्किलें

ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकांश महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के बाद भी केवल मोटर स्थापना और विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक बिजली पोल व अन्य तकनीकी व्यवस्थाएं नहीं की गई हैं। इस मामूली लेकिन आवश्यक कार्य में हो रहे अनावश्यक विलंब के कारण पूरी योजना ठप पड़ी है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित बुनियादी ढांचा उपयोग के अभाव में निष्प्रभावी बना हुआ है, जिससे सार्वजनिक धन के दुरुपयोग पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## जिले में 12 से शुरू होंगे जनकल्याण शिविर

**मंडला।** जिला प्रशासन द्वारा आम जनता को शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की जा रही है। विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होकर आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक पूरे जिले में विशेष जनकल्याण अभियान संचालित किया जाएगा। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

तय कार्ययोजना के अनुसार आगामी 12 से 18 जून तक जिले के प्रत्येक विकासखंड (जनपद) एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर तीन-तीन दिवसीय विशेष जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से किन्हीं कारणोंवश वंचित रह गए पात्र हितग्राहियों की खोज करना, उनका मौके पर ही पंजीयन करना तथा उन्हें त्वरित लाभान्वित करना है।

# पुस्तैनी मकान के आंगन में जबरन जेसीबी से खुदाई

### बगली गांव में दबंगों का कहर, विरोध करने पर पूरे परिवार को दी जान से मारने की धमकी



**मंडला।** विकासखंड घुघरी के ग्राम बगली की एक युवती अपने पीड़ित परिवार के साथ मंडला जनसुनवाई न्याय की गुहार लगाने पहुंची। युवती ने गांव के ही कुछ रसूखदार दबंगों पर उनकी निजी पुस्तैनी भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण पीड़ित परिवार अपनी सुरक्षा की गुहार लेकर मंडला कलेक्टर के पास पहुंचा।

जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में ग्राम पंचायत चाबी के ग्राम बगली निवासी कुमारी सिमरन खान पिता रफीक खान ने बताया कि बीते 5 जून की रात को उनके निजी स्वामित्व वाली पुस्तैनी भूमि पर बने मकान के आंगन में गांव के दबंग शमशाद खान, सगीरूज मजीद उर्फ गुड्डा और उसके पुत्र सैफ खान ने अवैध रूप से जेसीबी मशीन घुसा दी। आरोपी चोरी-छिपे मकान बनाने के उद्देश्य से वहां नींव की खुदाई करवा रहे थे। जब युवती के माता-पिता ने इस अवैध निर्माण का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। युवती सिमरन खान ने जब अपने माता-पिता के सम्मान की खातिर बीच-बचाव कर शालीनता से बात करने को कहा, तो तीनों आरोपियों ने आपा खो दिया। आरोप है कि उन्होंने युवती को भी अत्यंत अश्लील गालियां दीं और जान से मारने के लिए आमादा हो गए। इस दौरान आरोपियों ने घातक हथियार निकालने का प्रयास भी किया, लेकिन वहां उपस्थित उनके ही परिवार के अन्य लोगों ने उन्हें जैसे-जैसे रोका। इस विवाद को देखने के लिए गांव के कई लोग मौके पर जमा हो गए थे, जिनके सामने पीड़ित परिवार को अपमानित होना पड़ा। युवती ने बताया कि उसके पास इस पूरी घटना का वीडियो फुटेज भी उपलब्ध है, जिसमें आरोपियों की हरकतें साफ देखी और सुनी जा सकती हैं।

**धमकी से सहमा परिवार, सुरक्षा की मांग**-पीड़िता ने आवेदन में रोष व्यक्त करते हुए कहा कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस चौकी चाबी में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी और 112 व सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित परिवार गहरे भय के साए में जीने को मजबूर हैं।

# मानसून से पहले एसडीईआरएफ पूरी तरह तैयार



### कलेक्टर ने उपकरणों, कंट्रोल रूम व संचार प्रणाली का किया निरीक्षण

**मंडला।** आगामी मानसून को देखते हुए जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने मंगलवार को एसडीईआरएफ (स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स) सेंटर का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कंट्रोल रूम, संचार व्यवस्था एवं रेस्क्यू उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

डिप्टी कमांडेंट हेमराज परस्ते ने बताया कि मानसून के दौरान संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए रेस्क्यू बोट, लाइफ जैकेट, रस्सियां, टॉर्च, कटिंग टूल्स और डाइविंग किट सहित सभी आवश्यक उपकरणों की जांच एवं रखरखाव का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही कंट्रोल रूम में वायरलेस सेट, सैटेलाइट फोन और वीएचएफ संचार प्रणाली को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। उन्होंने बताया कि जीपीएस और डिजिटल मैपिंग तकनीक के माध्यम से जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है तथा एसडीईआरएफ की टीमें अलर्ट मोड पर रखी गई हैं। आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रेस्क्यू और राहत कार्य किए जा सकें।

# पेयजल स्त्रोतों के क्लोरीनीकरण और नल-जल योजनाओं के निरीक्षण के निर्देश

### दूषित जल से बचाव के लिए विभाग ने आमजन से की सहयोग की अपील

**मंडला।** जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला द्वारा कमर कस ली गई है। विभाग द्वारा जिले के समस्त पेयजल स्त्रोतों, नल-जल योजनाओं एवं जल प्रदाय व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में जलजनित बीमारियों की रोकथाम तथा पानी की शुद्धता बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड मंडला ने बताया कि वर्तमान मौसम और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी हैंडपंपों, नलकूपों तथा ओवरहेड टंकियों सहित विभिन्न पेयजल स्त्रोतों का नियमित क्लोरीनीकरण कराया जा रहा है। क्लोरीनीकरण की प्रक्रिया से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणु और रोगाणु पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं, जिससे आम जनता तक पहुंचने वाला पानी सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त बना रहता है।

**स्वच्छता पर दिया विशेष जोर**- विभाग ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों को कड़े निर्देश जारी कर अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं का नियमित निरीक्षण करने को कहा है। इसके तहत पाइपलाइन, वाल्व, कुएं, हैंडपंप और जल वितरण प्रणाली की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। यदि निरीक्षण के दौरान कहीं भी पाइपलाइन में रिसाव (लीकेज), टूट-फूट या तकनीकी खामी पाई जाती है, तो उस पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग का मानना है कि लीकेज होने से बाहरी दूषित जल पानी में मिल जाता है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा जल स्त्रोतों के आसपास जलभराव रोकने और स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने आम नागरिकों से भी जनस्वास्थ्य की सुरक्षा में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। विभाग ने सलाह दी है कि घरों में पेयजल को हमेशा स्वच्छ और ढककर रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर पानी को उबालकर उपयोग में लाएं। इसके साथ ही नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि यदि किसी भी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में बाधा, पाइपलाइन रिसाव या दूषित जल की समस्या दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित ग्राम पंचायत या पीएचई विभाग के स्थानीय कार्यालय को दें, जिससे समय रहते त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# आईटीआई में 11 से लगेगा सुरक्षा जवान एवं ड्रोन पायलट भर्ती कैंप

**मंडला।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मंडला एवं जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से 11 जून को सुरक्षा जवान, ड्रोन पायलट, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पदों के लिए भर्ती कैंप आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक आईटीआई मंडला परिसर में आयोजित होगा।

जीडीएसएस ग्रुप ग्रेटर नोएडा द्वारा भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत 100 सुरक्षा जवान, 20 ड्रोन पायलट, 30 सुरक्षा सुपरवाइजर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पदों पर भर्ती की जाएगी। सुरक्षा जवान पद के लिए अभ्यर्थी 10वीं उत्तीर्ण, आयु 18 से 40 वर्ष, ऊँचाई 168 सेंटीमीटर तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम होना चाहिए। वहीं सुरक्षा सुपरवाइजर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पद के लिए स्नातक योग्यता, आयु 22 से 40 वर्ष, ऊँचाई 170 सेंटीमीटर तथा वजन 55 से 96 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ शिविर में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

# टिकरिया में मिला गंभीर कुपोषित बच्चा, एनआरसी भेजने के दिए निर्देश

### जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया समनापुर के केंद्रों का औचक निरीक्षण

**बीजाडांडी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी ने विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम समनापुर के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं का जमीनी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समनापुर पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र समनापुर सहित टिकरिया पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र टिकरिया एवं मझगांव में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस कार्यक्रमों का बारीकी से अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच परीक्षण किया गया। इसके साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं का वजन और हीमोग्लोबिन स्तर मापा गया और उन्हें उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से महिलाओं को नियमित सेवन के लिए आयरन और फोलिक एसिड की गोलियों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

**मुनगा पाउडर के बताए फायदे**-जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती तिवारी ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को संबोधित करते हुए संतुलित आहार, स्वच्छता और बेहतर पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने विशेष रूप से कुपोषण की रोकथाम के लिए मुनगा (सहजन) की पत्तियों के पाउडर के चमत्कारी फायदों के बारे में विस्तार से समझाया। निरीक्षण के दौरान टिकरिया केंद्र में एक गंभीर रूप से कुपोषित बच्चा चिन्हित होने पर उन्होंने उसकी माता को समझाइश दी और बच्चे को जल्द से जल्द पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने की सलाह दी। श्रीमती शालिनी तिवारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों और माताओं को वितरित किए जा रहे रेडी-टू-ईट पोषण आहार की गुणवत्ता का खुद सत्यापन किया। उन्होंने वितरण पंजी और अन्य शासकीय अभिलेखों की जांच करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मैदानी अमले को सचेत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सीडीपीओ बीजाडांडी मनीषा तिवारी सहित क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## अभिलाषा सोनी का निधन



**निवास।** ग्राम पिपरिया निवासी स्व. अशोक सोनी की धर्मपत्नी एवं राजसागर सोनी की माता श्रीमती अभिलाषा सोनी का 48 वर्ष की अल्पायु में निधन हो गया। वे कुछ कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। श्रीमती अभिलाषा सोनी का अंतिम संस्कार आज बुधवार को उनके गृह ग्राम पिपरिया के स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों, परिजनों और इष्ट मित्रों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# करंजिया और मांझीपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने थामा कांग्रेस का दामन

### बिछिया में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान संपन्न



**भुआ बिछिया।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत, सक्रिय एवं जनाधारयुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित संगठन सृजन अभियान-2026 के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं सत्यापन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ब्लॉक, शहर, मंडलम, पंचायत, वार्ड कमेटी एवं बीएलए-2 की गतिविधियों का बारीकी से मूल्यांकन किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले एवं विधानसभा प्रभारी द्रुप किशोर मरावी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन के विभिन्न स्तरों पर गठित समितियों की समीक्षा करते हुए आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, सदस्यता विस्तार अभियान एवं बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों का कांग्रेस गमछा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बिछिया क्षेत्र को एक बड़ी राजनीतिक सफलता मिली, जब करंजिया एवं मांझीपुर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं जनहितकारी कार्यों से प्रभावित होकर दर्जनों की संख्या में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मंच से सभी नवसदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके संगठन में जुड़ने से बिछिया क्षेत्र में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**ये रहे उपस्थित**-कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी ने की। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता जोश सिंह ठाकुर, बिछिया जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुना उईके, रागनी परते, मेवा धुर्वे, सरिता उईके, नारायणी साहू, त्रिवेणी तेकाम, संतोषी मोगरे, अशोक ज्योतिषी, झुन्ना ठाकुर, टेकराम राय, अरुण पांडे, अक्षत झारिया, रतन पंद्रे, ज्ञानी मरावी, श्याम मरावी, घनश्याम अहिरवार, शिवकुमार चौधरी और जागृत मरावी सहित समस्त बीएलए, पंचायत अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष एवं भारी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का समापन आज

**मंडला।** जिले में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 का समापन समारोह आज 10 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, मंडला में आयोजित किया जाएगा। समारोह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समारोह के दौरान खिलाड़ियों द्वारा तैयार की गई खेल प्रदर्शनी का अवलोकन कराया जाएगा तथा तीरंदाजी खेल उपकरणों का उद्घाटन किया जाएगा। नवोदित खिलाड़ियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया जाएगा।



# सीईओ ने सुनी 134 आवेदकों की समस्याएं

**मंडला।** जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 134 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री हुनेंद्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।

# छात्रवृत्ति 26-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**मंडला।** अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता (छात्रवृत्ति) योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योजना के तहत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट खदानों के श्रमिकों तथा उनके बच्चों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को 1000 रुपये से 25000 रुपये तक की छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है।

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र छात्र-छात्राएं नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ हो चुकी है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन एवं फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा। आवेदनकर्ता विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। आवेदन भरने के बाद संबंधित विद्यालय या महाविद्यालय से सत्यापन कराकर आवेदन को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से अग्रेषित कराना भी आवश्यक होगा।

छात्रवृत्ति संबंधी किसी भी जानकारी के लिए जबलपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से दूरभाष क्रमांक 0761-4039511, 0761-4039510 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा बेवसाइड तथा कल्याण प्रशासक कार्यालय इंदौर के दूरभाष क्रमांक 0731-2703530 एवं ई-मेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही, मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित निकटतम औषधालय एवं क्षेत्रीय चिकित्सालय सागर में भी व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन लिया जा सकता है।

**आयोजन** रानी महल चौगान में जन अभियान परिषद ने मनाया बावड़ी उत्सव

# ऐतिहासिक कुएं का हुआ जीर्णोद्धार, शाम को दीप जलाकर मनाई दीपावली

**मंडला।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड स्तरीय बावड़ी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ऐतिहासिक रानी महल चौगान में किया गया। इस दौरान रानी महल स्थित प्राचीन जल स्त्रोत का पूजन, गंगा कलश यात्रा, ग्रामीण चौपाल, जल संरक्षण की शपथ तथा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई जैसी अनेक रचनात्मक गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पवित्र कलश यात्रा के साथ हुआ। माँ गंगा के मधुर भजनों के बीच कलश स्थापना कर ग्रामीणों ने रानी महल परिसर में जलाभिषेक एवं विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद सभी उपस्थित जनों ने बावड़ी एवं उसके आसपास के परिसर की सामूहिक साफ-सफाई कर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का संदेश दिया। विकासखंड समन्वयक नेमलाल धुर्वे ने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तीनों चरणों की जानकारी देते हुए गंगा दशहरा एवं बावड़ी उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मोहगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल रंधावा ने कहा कि गिरता भूजल स्तर एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने हर परिवार से सोखता गड्ढा बनाने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।




**न्यायालय नायब तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला**

क्रमांक / तह./प्रवा./2026/189
नैनपुर दिनाँक 05/06/2026
प्र.क्रं. 009 (अ-20(3) 24-25

**// इश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पाठासिहोरा तहसील नैनुपर जिला मण्डला को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पाठासिहोरा प.ह.नं. 0.9 रा.नि.मं. डिठौरी में से स्थित भूमि ख.नं. 275 रकबा 0.58 हे. मे से 0.58 रकबा हे. भूमि पावर हाऊस भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन के लिये आवेदक / विभाग संस्था MPPKVVCL Mandla (M.P.). के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महो. मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 19/06/2026 को दिन के 11.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार**
**नैनपुर जिला मण्डला**